# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 9 MAY 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में वरिष्ठ नागरिकों और निराश्रित व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए शुरू कौनसी योजना की गई?**

**(A) स्वयंसिद्धा आश्रम योजना**

**(B) बागबान योजना**

**(C) उपवन आश्रम योजना**

**(D) इनमें से कोई नही**

राजस्थान सरकार की स्वयंसिद्धा आश्रम योजना वरिष्ठ नागरिकों और निराश्रित व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए शुरू की गई है।

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत संभाग मुख्यालयों और चुनिंदा जिलों (17 जिलों )में विशेष आश्रम (ओल्ड एज होम) स्थापित किए जा रहे हैं।
- स्वयंसिद्धा आश्रम में प्रवेश के लिए किसी भी राज्य के वरिष्ठ नागरिक एवं असहाय/निराश्रित व्यक्ति पात्र हैं।
- वृद्धजन/वरिष्ठ नागरिक से तात्पर्य वरिष्ठ नागरिक पुरुष 58 वर्ष या इससे अधिक आयु का एवं महिला 55 वर्ष या इससे अधिक आयु की हो, जबकि "असहाय/निराश्रित व्यक्तियों से तात्पर्य ऐसे पुरुष /महिला से है जो किसी प्रकार के आश्रय, सहारा या सहायता से वंचित हो / संतानहीन है / स्वयं के परिवार से प्रताड़ित है।

01. वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु जयपुर डिस्कॉम को 60 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत हुई

02. राजस्थान सरकार ने खनन अप्रैल माह में नागौर, जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ जिलों के कुल 1218.43 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले 9 लाइमस्टोन ब्लॉकों की नीलामी की गई है

03. फिक्की तथा राजस्थान फाउंडेशन के सहयोग से 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत 8 मई को हैदराबाद में एक महत्वपूर्ण इनवेस्टर मीट आयोजित की जा रही हैं,

04. युवा संगम चरण VI के अंतर्गत राजस्थान से 50 युवा प्रतिनिधियों का दल IIIT धारवाड़ के लिए रवाना किया गया

05. IPL में राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि 9 मई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाला घरेलू मैच फ्रेंचाइज़ी का 'पिंक प्रॉमिस' मैच होगा।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) हाल ही में 7-8 मई 2026 को संयुक्त कमांडर सम्मेलन (JCC) जयपुर में आयोजित हुआ

(B) यह आयोजन 'नए क्षेत्रों में सैन्य क्षमता' (Military Capability in New Domains) थीम पर केंद्रित था,

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

7-8 मई 2026 को जयपुर में आयोजित संयुक्त कमांडर सम्मेलन (JCC) का दूसरा संस्करण, 'नए क्षेत्रों में सैन्य क्षमता' (Military Capability in New Domains) थीम पर केंद्रित था, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और CDS जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में, इस बैठक में साइबर, अंतरिक्ष, AI, और मानव रहित प्रणालियों जैसी आधुनिक चुनौतियों, रक्षा आत्मनिर्भरता, और सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता (Integration) को और मजबूत करने पर गहन चर्चा की गई

यह अभियान भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन और देश के सामूहिक संकल्प और नई सैन्य रणनीति का प्रतीक है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत राजस्थान सरकार 70 हजार रुपये देगी

(2) 2025-26 सत्र की 25 हजार से अधिक छात्राएं लाभान्वित होंगी

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार ने कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत स्कूटी देने के बजाय उनके बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करेगी.
- स्कूटी के लिए सरकार की तरफ से छात्राओं को 70 हजार रुपये बैंक खाते में जमा किए जाएंगे. इससे विभाग को टेंडर प्रक्रिया, खरीद, भंडारण और वितरण जैसी जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी.
- नए बदलाव के तहत सबसे पहले 2024-25 सत्र की 26 हजार छात्राओं के खाते में राशि भेजी जाएगी. इसके बाद 2025-26 सत्र की 25 हजार से अधिक छात्राएं लाभान्वित होंगी.
- कुल मिलाकर इन योजनाओं के तहत करीब 350 करोड़ रुपये छात्राओं के खातों में डाले जाएंगे.

## 03. चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष समारोह में किस राज्य के नरेश राघानी को प्रतिष्ठित भारत विभूषण सम्मान 2026 से नवाजा गया?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) पंजाब

(D) इनमें से कोई नही



चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में नरेश राघानी को भारत विभूषण सम्मान से सम्मानित करते हुए

**Important Facts:**

- अजमेर के नरेश राघानी 'मधुकर' को पंजाब विधानसभा में भारत विभूषण सम्मान,वरिष्ठ पत्रकार को भारत विभूषण सम्मान 2026
- पंजाब विधानसभा, चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष गरिमामय समारोह में राजस्थान के नरेश राघानी को प्रतिष्ठित भारत विभूषण सम्मान 2026 से नवाजा गया
- पूरे भारत से चयनित 60 प्रमुख व्यक्तित्वों में नरेश राघानी को उनके विशिष्ट सामाजिक एवं पेशेवर योगदान के लिए यह गौरव प्राप्त हुआ है, जो राजस्थान के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान की अंजली शेखावत ने रजत पदक जीता

(2) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 240.5 का स्कोर बनाया



सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान की अंजली शेखावत ने 4 मई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (Gold Medal) जीता है।
- उन्होंने फाइनल में (240.5) का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।
- विजेता: अंजली शेखावत (राजस्थान) – 240.5 अंक (गोल्ड)
- उपविजेता: कनक बुधवार (हरियाणा) – 238.7 अंक (सिल्वर)
- तीसरा स्थान: अगम रंजीत कौर ग्रेवाल (पंजाब) – 216 अंक (कांस्य)
- चैंपियनशिप (राइफल)” का आयोजन 2 मई से 15 मई 2026 तक किया जा रहा

**05. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आंगनवाड़ी केंद्रों में खिलौने, शिक्षण सामग्री और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए कौनसा पोर्टल लॉन्च किया?**

(A) पंखुड़ी पोर्टल

(B) खिलौना पोर्टल

(C) बचपन पोर्टल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जनवरी 2026 में पंखुड़ी (PANKHUDI) पोर्टल लॉन्च किया।
- यह एक सिंगल-विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो समुदायों, भामाशाहों (दानदाताओं), एनजीओ और कॉर्पोरेट जगत (CSR) को आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए एक साथ जोड़ता है।
- इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में खिलौने, शिक्षण सामग्री और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय समुदाय और भामाशाहों का समर्थन जुटाना है।
- यह दान और साझेदारी में पारदर्शिता लाता है और "जन भागीदारी" को बढ़ावा देता है।

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-77

1. **एक** पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वर्ष 2026 में राजस्थान सरकार ने कुल कितने पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है?
(A) 5 करोड़
(B) 7 करोड़
(C) 10 करोड़
(D) 15 करोड़

2. **राजस्थान** सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों की पारदर्शी और कैशलेस टिकटिंग के लिए विकसित किए गए 'ओ.बी.एम.एस.' का पूर्ण रूप क्या है?
(A) ऑनलाइन बोर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम
(B) ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम
(C) ओपन बिजनेस मैनेजमेंट सिस्टम
(D) ऑनलाइन बेस मैपिंग सिस्टम

3. **प्रधानमंत्री** आवास योजना-ग्रामीण के तहत राजस्थान में अब तक कुल कितने पक्के मकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है?
(A) 15 लाख से अधिक
(B) 10 लाख से अधिक
(C) 24 लाख से अधिक
(D) 19 लाख से अधिक

4. **राजस्थान** सरकार की 'स्वयंसिद्धा आश्रम योजना' का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना
(B) महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करना
(C) बुजुर्गों और निराश्रितों को सम्मानजनक आश्रय, सहायता देना
(D) अनाथ बच्चों के लिए छात्रावास बनाना

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत बून्दी जिले का खेल कौन सा है?
(A) एथलेटिक्स
(B) कबड्डी
(C) तीरंदाजी
(D) क्रिकेट


GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत 8 मई को इनवेस्टर मीट कहां आयोजित की जा रही हैं**

(A) हैदराबाद

(B) कोलकाता

(C) चंडीगढ़

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine